राजस्व लोक अदालत अभियान
न्याय आपके द्वार–2018

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी,(नागौर)

पीठासीन अधिकारी – रामसुख गुर्जर **RAS**
राजस्व वाद संख्या ...60/18...

केम्प ग्राम पंचायत चितावा

वादी
नरेन्द्र कुमार

*बनाम*

**प्रतिवादीगण**,
[illegible]

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official

**वाद पत्र धारा 53,88,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

## निर्णय

दिनॉक :– 12/5/18

वादी के वाद का संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि वादी श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र सीताराम जाति कुमावत निवासी चितावा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर का रहने वाला है,वादी का नाम ग्राम चितावा के खाता संख्या/खसरा नम्बर 369 में श्री दामोदर पुत्र सीताराम जाति कुमावत अंकित हो गया है, जो सही नही है। राशनकार्ड/ पहचान पत्र/आधार कार्ड मे सही नाम नरेन्द्र कुमार पुत्र सीताराम है, इसलिए उक्त खाता में गलत नाम हटाकर सही नाम का रेकार्ड में दुरूस्ती करने के आदेश फरमावे।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर कर तहसीलदार कुचामनसिटी को तहरीर जारी की गई। कि वादी के वाद पत्र में अंकित तथ्यो की जांच कर रिपोर्ट कैम्प चितावा में पेश करे। पत्रावली केम्प चितावा में पेश हुई । तहसीलदार की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत होने पर शामिल मिसल की गई। वादी ने अपने नाम का रेकर्ड में दुरूस्ती हेतु कैम्प चितावा मे दस्तावेज पेश किये ,जो शामिल मिसल किये । कैम्प में उपस्थित मौतबरान से पूछताछ व वादी के वाद पत्र के संलग्न दस्तावेजात इत्यादि का अवलोकन एवं मनन करने पर वादी का वाद काबिल स्वीकार होने से कैम्प में ही स्वीकार कर आदेश निम्न प्रकार पारित किया गया।

## आदेश

ग्राम चितावा तहसील कुचामनसिटी के खाता संख्या/खसरा नम्बर 369 में वादी श्री दामोदर पुत्र सीताराम कुमावत निवासी चितावा की जगह वादी का सही नाम नरेन्द्र कुमार पुत्र सीताराम जाति कुमावत निवासी चितावा दुरूस्त किया जाता है, शेष खाता बदस्तूर रहेगा । डिक्री पर्चा भरा जाकर शामिल मिसल किया जावे । राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद हेतु तहसीलदार को तहरीर जारी हो , मिसल नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनॉक 12/5/18 को सरे आम कैम्प चितावा में सुनाया गया।

(हस्ताक्षर)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)